(c) The dearness allowance instalments on Central Government pattern, becoming due after 31.7.83, would not be admissible. The effective date for payment of interim relief, has been fixed as 1st August, 1983.

**Neradi Barrage**

*952. SHRI S.R.A.S. APPALANAIDU : Will the Minister of IRRIGATION be pleased to state :

(a) whether the report on Vamsadhara Project Stage A for Unit-I of Neradi Barrage was submitted to Central Government by the Government of Andhra Pradesh; and

(b) if so, the action taken to clear the project ?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF IRRIGATION : (SHRI RAM NIWAS MIRDHA) (a) and (b) Presumably the Member is referring to the project report of Unit I i.e. Neradi Barrage of Vamsadhara Project Stage-II. As decided in the meeting of Chief Ministers of Andhra Pradesh and Orissa held on 15th December 1978, draft project report in respect of Unit I (i.e. Neradi Barrage) of Vamsadhara Project Stage II at an estimated cost of Rs. 28.21 crores was supplied by Government of Andhra Pradesh to Government of Orissa and to Central Water Commission in 1982.

Certain issues pertaining to the project are yet to be decided by States of Orissa and Andhra Pradesh. The State Governments have been advised to sort out the technical issues in consultation with Central Water Commission and other issues by discussions amongst themselves. In view of the above the question of clearance to the project at this stage does not arise.

**राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड द्वारा दूध की सप्लाई**

953. **श्री रीतलाल प्रसाद वर्मा** : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड द्वारा जनता को कुपोषण की स्थिति से बचाने के लिए "आपरेशन फ्लड" के अन्तर्गत दिल्ली, बम्बई, मद्रास और कलकत्ता के अतिरिक्त देश के किन-किन अन्य शहरों, कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों को दूध की सप्लाई की जाती है;

(ख) लोगों की आवश्यकता की दृष्टि से राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड द्वारा दूध की पूर्ति किस सीमा तक बढ़ाई गई है;

(ग) क्या यह सच है कि दूध की सप्लाई पर्याप्त मात्रा में करने के लिए विदेशों से 43000 टन वार्षिक दुग्ध चूर्ण का आयात किया जाता है और यदि हां तो 1970 से 1984 तक कितनी मात्रा में दूध का आयात किया गया; और

(घ) क्या सरकार के पास संयुक्त राष्ट्र संघ की रिपोर्ट के अनुसार कुपोषण की स्थिति में रहने वाले 20 करोड़ 10 लाख ग्रामीण जनसंख्या को दूध की सप्लाई करने की कोई योजना है और यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और उन्हें दूध की पूर्ति किस प्रकार की जायेगी ?

**कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री योगेन्द्र मकवाना)** : (क) और (ख) आपरेशन फ्लड-2 परियोजना का एक उद्देश्य यह भी है कि दूध की आपूर्ति के लिए ग्रामीण मिल्कशेडों को एक लाख या इससे अधिक की आबादी वाले शहरों/कस्बों से जोड़ना है। राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड आपरेशन फ्लड परियोजना से क्रियान्वयन हेतु भारतीय डेरी निगम को तकनीकी सहायता के रूप में सहायता कर रहा है। राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड की अपनी कोई डेरी नहीं है। राज्य स्तरीय अभिकरणों द्वारा राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड की परामर्शदायी सेवाएं ली जाती हैं, जो आपरेशन फ्लड